# कृषि विज्ञान केन्द्र, अगवानपुर, सहरसा
(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर)
e-mail : saharsakvk@gmail.com Mo. No. 9431413543

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 19वीं बैठक (दिनांक 01.03.2025) की कार्यवाही प्रतिवेदन

आज दिनांक 01.03.2025 को कृषि विज्ञान केन्द्र, अगवानपुर, सहरसा की 19वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशिक्षण कक्ष में डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, की अध्यक्षता में एवं डॉ॰ अरूणिमा कुमारी, सह अधिष्ठाता–सह प्राचार्य मंडन भारती कृषि महाविद्यालय, अगवानपुर, सहरसा, डॉ॰ अरबिन्द कुमार सिन्हा, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा एवं जिले के पदाधिकारीगण की गरीमामय उपस्थिति में आयोजित की गई। केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ॰ अरबिन्द कुमार सिन्हा द्वारा आगंतुक सदस्यों का स्वागत कर विगत वैठक (16.03.2024) की अनुपालन प्रतिवेदन, केन्द्र की प्रगति प्रतिवेदन (2024–25) एवं कार्ययोजना (2025–26) प्रस्तुत किया गया। गहन विचार विर्मश के उपरान्त निम्नलिखित दिशा निर्देश एवं सुझाव अनुपालन हेतु पारित किये गए।

1. महिला सशक्तिकरण के लिए 8 मार्च 2025 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा में किया जाय तथा CRA गाँवों से महिलाओं को आमंत्रित किया जाय।

   क्रियान्वयन : सभी सदस्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा
2. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के उपलब्ध राशि से मशरूम का डेमो यूनिट कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा में तैयार किया जाय।

   क्रियान्वयन : डॉ॰ सुनीता पासवान (वि॰व॰वि॰, गृह विज्ञान) एवं वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा
3. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत आलू बीज उत्पादन में 2.5 लाख रुपया बचा हुआ है, इस उपलब्ध राशि से पॉलीहाउस तथा शेड नेट को सुव्यवस्थित किया जाय।

   क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान एवं डॉ॰ पंकज कुमार राय (वि॰व॰वि॰, उद्यान) कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा
4. बत्तख एवं मुर्गी पालन हेतु Shed निर्माण (समेकित कृषि प्रणाली अंतर्गत) की राशि कार्यपालक अभियंता, भो.पा.शा.कृ.महा., पूर्णियाँ के पास है। इसके कार्य निर्माण के लिए पुनः एक पत्र कार्यपालक अभियंता को भेजा जाय।

   क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा एवं कार्यपालक अभियंता, भो॰पा॰शा॰कृ॰महा॰, पूर्णियाँ
5. एजोला यूनिट तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मंडन भारती कृषि महा॰, सहरसा के वैज्ञानिक का सहयोग ससमय लिया जाय।

   क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा एवं अधिष्ठाता–सह प्राचार्य मंडन भारती कृषि महाविद्यालय, अगवानपुर, सहरसा
6. RPL के अन्तर्गत प्राप्त राशि से एक प्रशिक्षण वर्मीकम्पोस्ट उत्पादक का कराया जाय।

   क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण), कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा
7. मखाना एवं मोटा अनाज पर प्रशिक्षण एवं मूल्य संवर्द्धन पर प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण किया जाय।

   क्रियान्वयन : डॉ॰ सुनीता पासवान (वि॰व॰वि॰, गृह विज्ञान) एवं डॉ॰ पंकज कुमार राय (वि॰व॰वि॰, उद्यान) कृ॰वि॰क॰, सहरसा
8. NICRA परियोजना अन्तर्गत अंगीकृत ग्रामों में सबौर हीरा धान एवं हरा चारा का प्रत्यक्षण कुछ कृषकों के प्रक्षेत्र पर कराकर लाभ–लागत अनुपात आंकलित किया जाय।

   क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण) एवं डॉ॰ पंकज कुमार राय (वि॰व॰वि॰, उद्यान), कृ॰वि॰क॰, सहरसा

9. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत पाँच साल पूरे होने पर फसल चक्र प्रणाली आधारित लाभ आकलित कर एक रिर्पोट तैयार किया जाय।

क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण) एवं ई॰ अनमोल कुमार, तकनीकी सहायक, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम

10. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत अंगीकृत ग्रामों में मडुआ की खेती पर प्रत्यक्षण कराकर लाभ–लागत अनुपात आंकलित किया जाय।

क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण) एवं ई॰ अनमोल कुमार, तकनीकी सहायक, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम

11. सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) सहरसा के सहयोग से जिले में स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर (CHC) के लोगों को कृषि यंत्रो के संचालन एवं रख–रखाव पर प्रशिक्षण आयोजित कराया जाय।

क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण) एवं सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) सहरसा

12. मडुआ में मूल्य संवर्द्धन पर प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण कराया जाय।

क्रियान्वयन : डॉ॰ सुनीता पासवान (वि॰व॰वि॰, गृह विज्ञान) सहरसा

13. प्रसार कार्यकर्ता के प्रशिक्षण हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा को प्रशिक्षण सूची कार्यक्रम बनाकर उपलब्ध कराने हेतु अग्रसारित किया जाय।

क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ॰वि॰के॰, सहरसा

14- SCSP प्रोग्राम का Year wise input Assessment तैयार कर एक वृहत रिर्पोट बनाया जाय।

क्रियान्वयन : डॉ॰ सुनीता पासवान (वि॰व॰वि॰, गृह विज्ञान)

15. प्रत्येक तीन माह का प्रशिक्षण कलैंडर तैयार कर DAO, ATMA, Jeevika और अन्य Line department को भेजा जाय जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण किया जा सके।

क्रियान्वयन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ॰वि॰के॰, सहरसा

16. धान की सीधी बुआई के लाभ पर पम्लेट बनाकर किसानों के बीच प्रशिक्षण के समय वितरित किया जाय।

क्रियान्वयन : ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय (वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण), कृ॰वि॰क॰, सहरसा

17. जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

क्रियान्वयन : सभी सदस्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहरसा

## उपस्थित सदस्यों की सूची

| क्र॰ सं॰ | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने | निदेशक प्रसार शिक्षा, बि॰कृ॰वि॰, सबौर, भागलपुर |
| 2 | डॉ॰ अरूणिमा कुमारी | सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्या, मंडन भारती कृषि महा॰, सहरसा |
| 3 | श्री संजय कुमार | जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा |
| 4 | डॉ॰ अरबिन्द कु॰ सिन्हा | वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, अगवानपुर, सहरसा |
| 5 | श्री शैलेन्द्र कुमार | सहायक निदेशक, उद्यान, सहरसा |
| 6 | श्री आनन्द चौधरी | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा |
| 7 | श्री नवीन कुमार नवनीत | सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, सहरसा |
| 8 | डॉ॰ विपुल कुमार | TVO/HAHO, बनगाँव |
| 9 | श्री विकास शण्डिल्य | F.O., SBI, Agwanpur |
| 10 | ई॰ विमलेश कुमार पाण्डेय | वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण) |
| 11 | डॉ॰ सुनीता पासवान | वि॰व॰वि॰ (गृह विज्ञान) |
| 12 | डॉ॰ पंकज कुमार राय | वि॰व॰वि॰ (उद्यान) |
| 13 | डॉ॰ मनोज सिंह | परामर्शी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहरसा |
| 14 | श्री रवि रंजन कुमार | कार्यक्रम सहायक, प्रयोगशाला |
| 15 | श्री महेन्द्र नारायाण सिंह | सहायक |
| 16 | श्री अश्वनी कुमार | कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) |
| 17 | श्री मिथिलेश कुमार मंडल | स्टेनोग्राफर |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | ई॰ अनमोल कुमार | तकनीकी सहायक, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम |
| 19 | श्री प्रसेनजीत कुमार | मिथिलायम किसान उत्पादक संगठन |
| 20 | श्री साकेत रंजन | किसान प्रतिनिधि, बनगॉव |
| 21 | श्री विद्याकान्त भाष्कर | CEO, मखाना सुपर |
| 22 | श्री राम चन्द्र मेहता | किसान प्रतिनिधि, बखरी |
| 23 | श्री पंकज कुमार | किसान प्रतिनिधि, बखरी |
| 24 | श्री मनखुश कुमार | किसान प्रतिनिधि, सलखुआ |
| 25 | श्री अरविन्द सिंह | किसान प्रतिनिधि, बेला |
| 26 | श्री सुभाष कुमार | किसान प्रतिनिधि, बेला |
| 27 | श्री संजय यादव | किसान प्रतिनिधि, अंदौली |
| 28 | श्रीमती नूतन कुमारी वर्मा | किसान प्रतिनिधि, सिसई |
| 29 | श्रीमती अर्पणा देवी | किसान प्रतिनिधि, सपहा, सहरसा |
| 30 | श्रीमती खुशबू कुमारी | किसान प्रतिनिधि, सपहा, सहरसा |

ज्ञापांक : XVIII/374/कृ॰वि॰के॰, सहरसा दिनांक : 04 / 03 / 2025

प्रतिलिपि :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, अगवानपुर, सहरसा, संबंधित पदाधिकारीगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

A K Singh 04/03/25
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,
कृ॰वि॰के॰, सहरसा
04.03.25

ज्ञापांक : XVIII/374/कृ॰वि॰के॰, सहरसा दिनांक : 04 / 03 / 2025

प्रतिलिपि :– सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्या, मंडन भारती कृषि महा॰, सहरसा/क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, अगवानपुर, सहरसा/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि॰कृ॰वि॰, सबौर, भागलपुर/निदेशक, कृषि तकनीक अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (जोन–IV), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

A K Singh 04/03/25
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृ॰वि॰के॰, सहरसा
04.03.25